न्यूयॉर्क नगर शिक्षा विभाग (DEPARTMENT OF EDUCATION OF THE CITY OF NEW YORK)

राष्ट्रीय स्कूल खाद्य कार्यक्रम (NATIONAL SCHOOL FOOD PROGRAMS)

HINDI

प्रिय माता/पिता या अभिभावकः

स्कूल वर्ष 2011-2012

बच्चों को सीखने के लिए स्वास्थ्यप्रद भोजन की ज़रूरत होती है। स्कूल भोजन कार्यालय (Office of SchoolFood) प्रत्येक स्कूल दिन के लिए स्वास्थ्यप्रद भोजन की पेशकश करता है। सभी विद्यार्थियों को नाश्ता मुफ्त मिलता है, लंच की कीमत $1.50 है। संघीय आय दिशानिर्देशों (पिछली तरफ दिए गए हैं) को पूरा करने वाले घर के बच्चे मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र हैं। प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को लंच के लिए रियायती मूल्य के भोजन के लिए $25 देने होते हैं। मुफ्त या रियायती भोजन के लिए आवेदन करने के वास्ते **SNAP (Supplemental Nutrition Assistance Program) – पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (फूड स्टैम्प) पत्र भेजें, या <u>www.ApplyForLunch.com</u> या <u>www.nyc.gov/accessnyc</u> पर ऑनलाइन आवेदन करें <u>या</u> एक ही स्कूल जाने वाले अपने सभी बच्चों के लिए संलग्न आवेदनपत्र भरें,** हस्ताक्षर करें और इसे जल्दी से जल्दी अपने बच्चे के स्कूल को लौटा दें। यह आवेदनपत्र भरते समय इस पत्र में वर्णित दिशानिर्देश देखें। हम ऐसा आवेदनपत्र अनुमोदित नहीं कर सकते जो पूरा न हो, इसलिए सारी आवश्यक सूचना अवश्य भरें।

## निम्नलिखित सूचना आपकी सहायता करेगीः

1. **क्या मुझे प्रत्येक बच्चे के लिए आवेदनपत्र भरने की ज़रूरत है?** हाँ। अगर आपके बच्चे अलग–अलग स्कूलों में जाते हों। लेकिन, एक ही स्कूल जाने वाले सभी बच्चों के लिए केवल एक आवेदनपत्र की ज़रूरत होती है।
2. **कौन मुफ्त भोजन प्राप्त कर सकता है?** SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF पाने वाले घर के बच्चे और पाले गए बच्चे आय पर ध्यान दिए बिना मुफ्त भोजन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, आपके बच्चे उस स्थिति में मुफ्त भोजन प्राप्त कर सकते हैं अगर आपके घर की आय संघीय आय दिशानिर्देशों पर मुफ्त सीमाओं के भीतर हो।
3. **क्या बेघर, घर से भागे हुए और प्रवासी बच्चे मुफ्त भोजन प्राप्त कर सकते हैं?** यह देखने के लिए अपने स्कूल या अस्थायी आवास में विद्यार्थी (Students in Temporary Housing - STH) के समन्वयक से सम्पर्क करें कि क्या आपका बच्चा/आपके बच्चे पात्र हैं, अगर आपको यह सूचित नहीं किया गया है कि उन्हें मुफ्त भोजन मिलेगा।
4. **रियायती मूल्य का भोजन कौन प्राप्त कर सकता है?** आपका बच्चा/आपके बच्चे उस स्थिति में कम कीमत का भोजन प्राप्त कर सकते हैं अगर आपके घर की आय इस आवेदनपत्र पर दिखाए गए संघीय आय चार्ट पर रियायती मूल्य सीमाओं के भीतर हो।
5. **अगर मुझे इस स्कूल वर्ष में कोई पत्र मिलता है जिसमें यह कहा जाता है कि मेरे बच्चे मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए अनुमोदित हैं, तो क्या मुझे आवेदनपत्र भरना चाहिए?** कृपया अपने द्वारा प्राप्त पत्र ध्यान से पढ़ें और निर्देशों का पालन करें। अगर आपके प्रश्न हों, तो अपने बच्चे/बच्चों के स्कूल को फोन करें।
6. **मैं W.I.C. प्राप्त करता/करती हूँ। क्या मेरा बच्चा/मेरे बच्चे मुफ्त भोजन प्राप्त कर सकता/सकते है/हैं?** W.I.C. कार्यक्रमो में भाग लेने वाले घरों के बच्चे मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र हो सकते हैं। कृपया आवेदनपत्र भरें।
7. **क्या मुझ द्वारा दी गई सूचना की जाँच की जाएगी?** स्कूल आपको स्कूल वर्ष के दौरान किसी भी समय आपकी पात्रता का सत्यापन करने के लिए कह सकता है। अगर आपको सत्यापन के लिए चुना गया है, तो आपको लिखित में सूचित किया जाएगा। स्कूल के अधिकारी आपको ऐसे सहायक दस्तावेज़ भेजने के लिए कह सकते हैं जिनमें यह दर्शाया गया हो कि आपके बच्चे/बच्चों को आपके आवेदन करने के समय मुफ्त या रियायती मूल्य का भोजन प्राप्त होना चाहिए।
8. **अगर मैं अब पात्र नहीं होता, तो क्या मैं बाद में आवेदन कर सकता हूँ?** हाँ। आप उस स्थिति में स्कूल के वर्ष के दौरान किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं, अगर आपके परिवार का आकार बढ़ता है, आय कम हो जाती है, या अगर आप SNAP (फूड स्टैम्प), TANF या अन्य लाभ प्राप्त करना आरम्भ कर देते हैं। अगर आप अपना रोज़गार गंवा देते हैं, तो आपका बच्चा/आपके बच्चे मुफ्त या रियायती मूल्य का भोजन प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकता/सकते है/हैं।
9. **अगर मैं अपने आवेदनपत्र के बारे में स्कूल के निर्णय से असहमत हूँ, तो क्या होगा?** आपको पहले स्कूल के अधिकारियों से बात करनी चाहिए। अगर आप उत्तर से सन्तुष्ट नहीं हैं, तो आप Chief Executive, Office of School Support Services, 44-36 Vernon Blvd., Long Island City, New York 11101, (718) 707-4300 को फोन करके या लिखकर सुनवाई के लिए कह सकते हैं।
10. **अगर मेरे घर में कोई व्यक्ति अमरीकी नागरिक नहीं है, तो क्या मैं आवेदन कर सकता हूँ?** हाँ। मुफ्त या रियायती मूल्य का भोजन प्राप्त करने के लिए आपको या आपके बच्चे/बच्चों का अमरीकी नागरिक होना अनिवार्य नहीं है।
11. **अपने घर के सदस्यों के रूप में मुझे किसे सम्मिलित करना चाहिए?** आपको अपने घर में रह रहे सभी लोगों को भाग 4 में सम्मिलित करना होगा, चाहे वे रिश्तेदार हों या न हों (जैसे दादा–दादी, नाना–नानी, अन्य रिश्तेदार, या मित्र)। आपको स्वयं को और अपने साथ रहने वाले सभी बच्चों को सम्मिलित करना होगा।
12. **अगर मेरी आय हमेशा समान न हो, तो क्या होगा?** अपने द्वारा आमतौर पर प्राप्त की जाने वाली रकम लिखें। उदाहरण के लिए, अगर आप आमतौर पर हर महीने $1000 नकदी प्राप्त करते हैं, पर पिछले महीने आपसे कुछ काम छूट गया और आपको $900 मिले, तो यह लिखें कि आपको हर महीने $1000 मिलते हैं। अगर आपको आमतौर पर ओवरटाइम मिलता है, तो इसे सम्मिलित करें, पर तब नहीं जब आपको यह कभी–कभी मिलता है।

स्कूल ज़िला आपसे स्कूल वर्ष के दौरान किसी भी समय उस सूचना का सत्यापन करने के लिए कह सकता है जिसका उल्लेख आपने आवेदनपत्र पर किया है। अगर आप यह सूचना नहीं देते, तो आपके बच्चे को मुफ्त या रियायती मूल्य का भोजन प्राप्त करना जारी रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूल के अधिकारी यह निर्धारित करने के लिए आवेदनपत्र पर दी गई सूचना का उपयोग करते हैं कि आपके बच्चे को मुफ्त या रियायती मूल्य का भोजन मिलना चाहिए या नहीं मिलना चाहिए। मुफ्त और रियायती मूल्य के डेटा का टाइटल I और राष्ट्रीय शैक्षिक प्रगति मूल्यांकन (National Assessment of Educational Progress) के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए उपयोग किया जा सकता है और अन्य राष्ट्रीय स्कूल लंच कार्यक्रम (National School Lunch Program) प्राधिकृत एजेंसियों के साथ आदान–प्रदान किया जा सकता है।

संघीय विनियमों में यह अपेक्षा है कि स्कूल और संस्थान उन बच्चों को अतिरिक्त मूल्य के बिना भोजन उपलब्ध कराएं जिनकी विकलांगता उनके आहार को इस तरह से सीमित करती है कि वे दिए गए भोजन या निर्धारित मेन्यू में कुछ सुधार के बिना खाद्य सेवा कार्यक्रम में पूरी तरह भाग नहीं ले सकते। आपको स्कूल से विशेष भोजन का अनुरोध करना होगा और स्कूल को किसी चिकित्सा डॉक्टर से चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रदान करना होगा। अगर आपका यह मानना है कि आपके बच्चे को विकलांगता के कारण बदलाव की ज़रूरत है, तो मुख्य कार्यकारी, स्कूल सहायता सेवा कार्यालय (Chief Executive, Office of School Support Services) से सम्पर्क करें क्योंकि ऐसी विशिष्ट सूचना होती है जो चिकित्सा प्रमाणपत्र में अवश्य होनी चाहिए।

अगर आपके प्रश्न हैं या अगर आपको यह आवेदनपत्र भरने के संबंध में सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया अपने बच्चे के स्कूल के प्रधानाध्यापक से सहायता के लिए सम्पर्क करें।

भवदीय,

स्कूल भोजन कार्यालय

Office of SchoolFood

# आप मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र हो सकते हैं!

**www.ApplyForLunch.com**

*या*

**www.nyc.gov/accessnyc**





ऑनलाइन आवेदनपत्र भरने के लिएं

**www.ApplyForLunch.com**

या

**www.nyc.gov/accessnyc** पर जाएं

- घर, पुस्तकालय में किसी ऐसे कम्प्यूटर या अपने ऐसे स्मार्ट फोन का उपयोग करें जिसमें इंटरनेट कनेक्शन हो
- घर में रहने वाले ***सभी*** बच्चों के लिए आवेदन करें चाहे वे अलग–अलग स्कूलों में जाते हों
- प्रयोक्तानाम और पासवर्ड बनाएं
- अपना SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF मामला नंबर दर्ज करें, **या**
- अपने कुटुंब की कुल आय, परिवार का आकार और अपने **SSN की अंतिम 4 संख्याएं** दर्ज करें
- आवेदनपत्र पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर करें। **"Submit"** (भेजें) पर क्लिक करें और पुष्टि तुरन्त प्राप्त करें!





## आप कागजी आवेदनपत्र भी भर सकते हैं!

- एक ही स्कूल में जाने वाले घर में रहने वाले ***सभी*** बच्चों के लिए **एक** ही फॉर्म का उपयोग करते हुए आवेदन करें
- अगर आप SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF सहायता प्राप्त कर रहे हैं, तो स्वयं द्वारा एजेंसी से प्राप्त पत्र भेजें **या** अपने मामला संख्या के साथ भाग 2 भरें। आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करें और तारीख डालें और अपने बच्चे के स्कूल को भेजें

**या**

- भाग 3 में, अपने घर में रहने वाले हर व्यक्ति, उनके द्वारा प्राप्त धन और इस बारे में लिखें कि वे कितनी बार ये धन प्राप्त करते हैं। **अपने SSN की केवल अन्तिम 4 संख्याएं लिखें**
- आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करें और तारीख डालें और अपने बच्चे के स्कूल को भेजें

## समय पर आवेदन करें



**देरी न करें! आज ही आवेदन करें!**

- अगर आप मुफ्त भोजन के लिए पात्र होते हैं, तो आप प्रत्येक वर्ष $250 तक बचा सकते हैं। अगर आप देरी करते हैं, तो आपको भुगतान करना होगा!
- पुस्तकों, सामग्रियों, स्कूल के बाद के कार्यक्रमों इत्यादि के लिए संघीय और राज्य निधियाँ प्राप्त करने के लिए आपके बच्चे को इस सूचना की ज़रूरत है।
- ऑनलाइन आवेदन करें! ऑनलाइन आवेदनपत्रों पर 24 घंटों के भीतर कार्यवाई की जाती है!

  **www.ApplyForLunch.com** या **www.nyc.gov/accessnyc** पर जाएं
- कागज़ी आवेदनपत्र भरें और अपने बच्चे के स्कूल को जल्द वापस कर दें
- क्या आपको सहायता की ज़रूरत है या आपके प्रश्न हैं? स्कूल भोजन सहायता डेस्क से सम्पर्क करें। (877) 363-6325 पर फोन करें या **foodcompliance@schools.nyc.gov** को ईमेल भेजें
- अतिरिक्त जानकारी के लिए स्कूल भोजन की वेबसाइट पर जाएं **https://schools.nyc.gov/schoolfood**

सूचित की गई सारी सूचना गोपनीय रखी जाती है। संघीय विनियमों के अंतर्गत शिक्षा विभाग को आपकी सूचना का किसी अन्य एजेंसी के साथ आदान–प्रदान करने की अनुमति नहीं है।

कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सभी आवश्यक क्षेत्र भरें

**ऑनलाइन आवेदन करेंः www.ApplyForLunch.com या www.nyc.gov/accessnyc**

आवेदनपत्र के संबंध में सहायता की ज़रूरत होने या प्रश्न होने की स्थिति में स्कूलभोजन सहायता डेस्क कार्यालय (OFFICE OF SCHOOLFOOD HELP DESK) से सम्पर्क करें

**फोन करेंः (877) 363-6325 • ई–मेलः foodcompliance@schools.nyc.gov**

1. आपको **कागज़ी आवेदनपत्र अंग्रेज़ी में और केवल काली स्याही में भरना** होगा।
2. एक ही स्कूल जाने वाले घर के सभी बच्चों के लिए **केवल एक** आवेदनपत्र भरें।
3. अगर आपको NYC शिक्षा विभाग, NYS अस्थायी और विकलांगता सहायता कार्यालय (OTADA) या NYC SNAP (फूड स्टैम्प) कार्यालय से कोई पत्र मिला है जिसमें यह कहा गया है कि आपका बच्चा मुफ्त भोजन के लिए पात्र है, तो आपको यह आवेदनपत्र भरने की ज़रूरत नहीं है। आपको अपने बच्चे के स्कूल को पत्र जल्द भेजना होगा।
4. अगर आप **"मैं मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र नहीं हूँ"** खंड में बॉक्स में **'X'** दर्ज करते हैं, तो आपको अपने बच्चे के नाम के साथ **भाग 3** भरना होगा। आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करने और तारीख डालने के लिए **भाग 5** पर जाएं और इसके बाद अपने बच्चे के स्कूल को जल्द भेजें।
5. अब आप एक ही स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए उसी आवेदनपत्र पर घर में रहने वाले सभी पाले हुए बच्चों को सम्मिलित कर सकते हैं।

## भाग 1ः यह खंड तब भरें अगर आप मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र न हों।

अनेक गृहस्थ उस स्थिति में मुफ्त या रियायती भोजन के लिए पात्र नहीं होते अगर वे किसी निश्चित धनराशि से अधिक कमाते हैं। अगर आप यह मानते हैं कि आपके घर की आय पात्र नहीं हैं, तो आपको निम्नलिखित काम ज़रूर करने चाहिएः

1. उस स्थिति में **"मैं मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र नहीं हूँ"** बॉक्स में **'X'** दर्ज करें अगर आपकी आय आपको मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र नहीं बनाती।
2. इस स्कूल जाने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए, **मूल नाम, मध्य के आद्यक्षर (Initial) और जाति सहित उसका पूरा कानूनी नाम लिखें। (जन्म की तारीख, लिंग, ग्रेड और विद्यार्थी ID (OSIS) संख्या *ऐच्छिक* हैं)**। फॉर्म पर हस्ताक्षर करने और तारीख डालने के लिए **भाग 5** पर जाएं। अपने बच्चे के स्कूल को आवेदनपत्र जल्द भेजें।

## भाग 2ः यह खंड उस स्थिति में भरें अगर आपका घर SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF लाभ प्राप्त कर रहा है।

1. अपने द्वारा NYS अस्थायी या विकलांगता सहायता कार्यालय (OTADA) या किसी अन्य NYC SNAP – पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (फूड स्टैम्प) कार्यालय से प्रत्येक बच्चे के लिए प्राप्त पत्र अपने बच्चे के स्कूल को भेजें; **या**
2. इस खंड में प्रदान किए गए बॉक्सों में SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF मामला संख्या लिखें। मामला संख्या लाभ पत्र पर उपलब्ध है – अपनी कार्ड संख्या या प्राप्त आय की धनराशि न लिखें।
3. **भाग 4 को छोड़ दें**, इसके बाद **भाग 5** में आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करें और तारीख डालें। आवेदनपत्र अपने बच्चे के स्कूल को जल्द भेजें।

## भाग 3ः अगर आपके घर में एक ही स्कूल जाने वाला बच्चा (बच्चे) हैं ख्याले गए बच्चे (बच्चों) सहित,, तो इन निर्देशों का पालन करें।

1. इस स्कूल जाने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए, उसका **मूल नाम, मध्य के आद्यक्षर और जाति सहित उसका** पूरा कानूनी नाम लिखें। **(जन्म की तारीख, लिंग, ग्रेड और विद्यार्थी ID (OSIS) संख्या *ऐच्छिक* हैं)**
2. अगर विद्यार्थी पाला हुआ बच्चा है, तो विद्यार्थी के नाम के आगे **'X'** दर्ज करें। प्राप्त हुई कोई निजी उपयोग आय प्रदान किए गए बॉक्सों में लिखें। "निजी उपयोग" आय बच्चे के निजी उपयोग के लिए श्रेणी द्वारा निर्धारित कल्याण कार्यालय (welfare office) द्वारा दी जाने वाली धनराशि है, जैसे कोई भत्ता, और वह सारी धनराशि जो बच्चा प्राप्त करता है जैसे उसके परिवार से आय, या बच्चे के रोज़गार से आय। अगर बच्चा कोई निजी आय प्राप्त नहीं कर रहा है, तो **"0"** लिखें।
3. **भाग 3** भरने के बाद, अपने घर में अन्य सदस्यों और उनकी आय सम्मिलित करने के लिए **भाग 4** पर जाएं।
4. **भिन्न** स्कूलों में जाने वाले बच्चों के लिए **अलग आवेदनपत्र** भरें।

## भाग 4ः इन निर्देशों का उस स्थिति में पालन करें अगर आप घर SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

1. अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों सहित घर में रहने वाले हर व्यक्ति का मूल नाम और जाति लिखें। **भाग 3** में सूचीबद्ध नाम न लिखें। अतिरिक्त नामों को सूचीबद्ध करने के लिए एक अन्य आवेदनपत्र का उपयोग करें और दोनों आवेदनपत्र भेजें।
2. इस खंड में सूचीबद्ध प्रत्येक व्यक्ति के लिए कटौतियों से पहले प्राप्त वर्तमान आय (रोज़गार, बाल सहायता, गुज़ारा भत्ता, पेंशन, S.S.I. इत्यादि) लिखें। आपको इन अक्षरों का उपयोग करते हुए यह लिखना होगा कि यह धनराशि कितनी बार प्राप्त की जाती हैः **(W) = साप्ताहिक रूप से, (B) = द्विसाप्ताहिक रूप से/प्रति दो सप्ताह में, (T) = महीने में दो बार, (M) = मासिक रूप से या (Y) = वार्षिक रूप से। उदाहरणः 100.29/W; $100.29/B; 1029.50/T; $1290.75/M; 12900.59/Y**. उदाहरणः अगर आप यह नहीं लिखते कि आय कितनी बार प्राप्त की जाती है, तो इस पर साप्ताहिक के रूप में कार्रवाई की जाएगी।
3. अपनी सामाजिक सुरक्षा संख्या की अन्तिम 4 संख्याएं लिखें, इसके बाद **भाग 5** में आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करें और तारीख डालें। आवेदनपत्र अपने बच्चे के स्कूल को जल्द भेजें।

## भाग 5ः घर के वयस्क सदस्य के हस्ताक्षर और सामाजिक सुरक्षा संख्या को पूरा करने के लिए इन निर्देशों का पालन करें।

1. 21 वर्ष और इससे अधिक के घर के किसी वयस्क को आवेदनपत्र के अनुमोदन से पहले इस पर हस्ताक्षर करने **होंगे** और तारीख डालनी होगी।
2. अगर **भाग 4** भर लिया जाता है, तो आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले वयस्क को अपनी सामाजिक सुरक्षा संख्या की अन्तिम चार संख्याएं अवश्य प्रदान करनी चाहिए **या केवल** तब जब घर के वयस्क सदस्य के पास सामाजिक सुरक्षा संख्या न हो – बॉक्स में **'X'** दर्ज करें।
3. अगर कोई प्रश्न हों, तो अपना वर्तमान पता, फोन नंबर और फोन करने के लिए बेहतरीन समय लिखें। आवेदनपत्र भरे जाने की तारीख लिखें। आवेदनपत्र अपने बच्चे के स्कूल को जल्द भेजें।

# फॉर्म अंग्रेज़ी में भरें

पूरे फॉर्म को भरने के लिए केवल **काली स्याही** का उपयोग करें।
केवल उन भागों को भरने के लिए नमूना और निर्देशों का उपयोग करें जो आपके घर पर लागू होते हों

**भाग 1 – मैं मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र नहीं हूँ:** अगर आपकी आय आपको मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र नहीं बनाती, तो बॉक्स में 'X' दर्ज करें। **भाग 3** भरें, इसके बाद आवेदनपत्र में **भाग 5** में हस्ताक्षर करें और तारीख डालें।

**भाग 2 – SNAP (फूड स्टैम्प) /TANF मामला संख्या:** अपने लाभ पत्र से अपना SNAP (फूड स्टैम्प) या TANF मामला संख्या लिखें – कार्ड संख्या या प्राप्त आय न लिखें। **भाग 3** भरें, इसके बाद आवेदनपत्र में **भाग 5** में हस्ताक्षर करें और तारीख डालें।

**भाग 3 – इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे:** इस स्कूल में पढ़ने वाले हर बच्चे के लिए, कानूनी नाम, जन्म की तारीख, लिंग और ग्रेड लिखें।

**इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे:** अगर विद्यार्थी पाला हुआ बच्चा है, तो 'X' दर्ज करें और कोई प्राप्त निजी उपयोग आय लिखें।

**भाग 4 – घर में रहने वाले अन्य सदस्य:** अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों सहित घर में रहने वाले हर किसी का मूल नाम और जाति लिखें। **भाग 3** में सूचीबद्ध नाम न लिखें।

**घर के कुल सदस्य:** **भाग 3** और **भाग 4** में सूचीबद्ध नाम सम्मिलित करें और इस बॉक्स में योग लिखें। घर के लिखे हुए कुल सदस्य घर में रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या के बराबर अवश्य होने चाहिए।

**भाग 5 – हस्ताक्षर और तारीख:** 21 वर्ष या इससे अधिक के घर के किसी वयस्क को आवेदनपत्र के अनुमोदित होने से पहले इस पर हस्ताक्षर करने होंगे और तारीख डालनी होगी। बंधनमुक्त बच्चे को अपने खुद के आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे और तारीख डालनी होगी।

**सामाजिक सुरक्षा संख्या:** अगर आपने **भाग 4** भरा है, तो आपको घर के वयस्क सदस्य की सामाजिक सुरक्षा संख्या की अंतिम 4 संख्याएं लिखनी होंगी **या** अगर आपके **पास SSN न हो**, तो बॉक्स में 'X' दर्ज करें।

(New York City Department of Education)

**2011-2012 मुफ्त और रियायती मूल्य के भोजन के लिए आवेदनपत्र**

क्ज्ञल्भ स्यज्ञल्भ क्ज्ञ डप्यज्ञैग क्श्रै।

FOR OD

एक ही स्कूल जाने वाले सभी बच्चों के लिए एक आवेदनपत्र भरें। अपने बच्चे के स्कूल को आवेदनपत्र लौटा दें।

भाग 1 [X] **मैं मुफ्त या रियायती मूल्य के भोजन के लिए पात्र नहीं हूँ।** विद्यार्थी की सूचना के साथ **भाग 3** भरें और फॉर्म पर हस्ताक्षर करने और तारीख डालने के लिए **भाग 5** पर जाएं। स्कूल को लौटाएं।

भाग 2 अपना **SNAP (फूड स्टैम्प)** या **TANF** मामला संख्या यहाँ लिखें मामला संख्या आपके लाभ पत्र पर है → **SNAP (फूड स्टैम्प)** या **TANF** मामला संख्या: 1 2 3 4 5 6 7 8 9 A
(फॉर्म पर हस्ताक्षर करने और तारीख डालने के लिए भाग 3 और फिर भाग 5 पर जाएं)

स्कूलों को उस स्थिति में यह खंड भरना होगा अगर घरों ने इसे न भरा हो
स्कूल का नाम: MS 20Q | 0 2 0 | स्कूल बरो चुनें: M BX [X] Q BK SI

केवल इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के नाम लिखें

भाग 3

| | *जन्म की तारीख माह | दिन | वर्ष | इस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का कानूनी नाम स्पष्ट लिखें (*ऐच्छिक सूचना) मूल नाम | MI | जाति | *लिंग | पाला हुआ बच्चा | 'X' दर्ज करें – अगर विद्यार्थी पाला हुआ बच्चा हो: प्राप्त की गई कोई निजी उपयोग आय लिखें निजी उपयोग आय | SCHOOL USE ONLY: ENTER GRADE AND STUDENT ID NUMBER *GRADE | *OSIS # (Student ID Number) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | 02 | 03 | First | | Student | M | | $ /M | 03 | 012345678 |
| 2 | 02 | 03 | 94 | Second | | Student | F | X | $ 275.30 /M | 12 | 012345678 |
| 3 | 03 | 24 | 00 | Third | | Student | M | | $ /M | 06 | 012345678 |
| 4 | 11 | 03 | 02 | Fourth | | Student | F | | $ /M | 02 | 012345678 |
| 5 | | | | | | | | | $ /M | | |

अन्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों सहित अपने घर में रहने वाले हर व्यक्ति का नाम और जाति लिखें

**घर के सभी सदस्यों की सारी वर्तमान आय और भुगतान अवधि लिखें**
वर्तमान आय का अर्थ प्राप्त सारे धन और इस बात से है कि इसे कैसे सभी स्रोतों से कितनी बार प्राप्त किया जाता है। अगर कितनी बार प्राप्त किया जाता है नहीं लिखा जाता है, सूचित की गई आय पर साप्ताहिक रूप से प्राप्त की गई के रूप में कार्रवाई की जाएगी। यह दर्शाने के लिए इन अक्षरों का उपयोग करें कि आय कितनी बार प्राप्त की जाती है। → **W** = साप्ताहिक रूप से; **BI** = द्विसाप्ताहिक रूप से; **M** = मासिक रूप से; **T** = महीने में दो बार; **Y** = वार्षिक रूप से

भाग 4

| भाग 3 में सूचीबद्ध नाम न लिखें | कार्य से सकल आय (कटौतियों से पहले): सभी रोज़गार / कितनी बार? | बाल सहायता/गुज़ारा खर्च भुगतान / कितनी बार? | पेंशन, सेवानिवृत्ति/ सामाजिक सुरक्षा से भुगतान / कितनी बार? | कोई अन्य आय / कितनी बार? |
|---|---|---|---|---|
| 1 Adult 1 | $ 2,550.45 /Y | $ 775.30 /M | $ / | $ / |
| 2 Adult 2 | $ 275.30 /W | $ / | $ / | $ / |
| 3 Brother / Sister 1 | $ 400.00 /T | $ 0.00 / | $ / | $ / |
| 4 Brother / Sister 2 | $ 0.00 / | $ / | $ / | $ 0.00 / |
| 5 Additional Person(s) | $ / | $ / | $ 695.00 /M | $ / |
| 6 | $ / | $ / | $ / | $ / |
| 7 | $ / | $ / | $ / | $ / |

भाग 3 और 4 में सूचीबद्ध नाम सम्मिलित करें **घर में कुल संख्या** → 0 9

**सामाजिक सुरक्षा संख्या और हस्ताक्षर आवश्यक हैं → 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के घर के किसी वयस्क सदस्य को सामाजिक सुरक्षा संख्या [SSN] के अन्तिम 4 अंक प्रदान करने होंगे, प्रॉसेसिंग और अनुमोदन से पहले फॉर्म पर हस्ताक्षर करने होंगे और तारीख डालनी होगी।** मैं सत्यापित करता/करती हूँ कि सारी सूचना सच है और सारी आय सूचित की गई है। मैं यह समझता/समझती हूँ कि सूचना संघीय राशियाँ प्राप्त करने के लिए स्कूल के लिए दी जा रही है, स्कूल के अधिकारी सूचना का सत्यापन कर सकते हैं और जान–बूझकर गलत सूचना देने से मेरे विरुद्ध लागू राज्य और संघीय कानूनों के अंतर्गत मुकदमा चलाया जा सकता है और मेरे बच्चे भोजन के लाभ खो सकते हैं।

भाग 5

X *Adult Household Member*
फॉर्म भरने वाले घर के वयस्क सदस्य के हस्ताक्षर

Adult Household Member
फॉर्म पर हस्ताक्षर करने वाले घर के वयस्क सदस्य का पूरा स्पष्ट नाम

आज की तारीख दर्ज करें: MM DD YY — 09/08/11

घर के वयस्क सदस्य SSN का अन्तिम 4 संख्याएं लिखें: 6 7 8 9

अगर आपके पास **SSN न हो** 'X' दर्ज कर → [X]

| 100 Name Street | A1 | Borough City | 11111 |
|---|---|---|---|
| पता | अपार्टमेंट # | नगर | ज़िप |

718 565-1234 — घर का फोन
718 556-9000 — दिन के समय का फोन
347 567-5678 — सेल फोन

कॉल करने का सर्वोत्तम समय:
- [ ] सुबह 8 बजे से सुबह 11 बजे तक
- [X] सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
- [ ] दोपहर 2 बजे से दोपहर 5 बजे तक
- [ ] दोपहर 5 बजे से रात 8 बजे तक

**स्कूलों को उस स्थिति में यह खंड भरना होगा अगर घर ने इसे न भरा हो:** स्कूल का नाम, नंबर और वह बरो लिखें जहाँ स्कूल स्थित है:

M = मेनहट्टन
BX = ब्रांक्स
Q = क्वींस
BK = ब्रुकलिन
SI = स्टेटन आइलैंड

बच्चे का ग्रेड और OSIS संख्या भी दर्ज करें

**भाग 4 – आय और वेतन अवधि:** इस खंड में सूचीबद्ध प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्राप्त वर्तमान आय (रोज़गार, बाल सहायता, गुज़ारा खर्च, पेंशन, S.S.I., इत्यादि लिखें)। आपको इन अक्षरों का उपयोग करते हुए यह लिखना होगा कि यह पैसा कितनी बार प्राप्त किया जाता है:

W = साप्ताहिक रूप से
B = द्वि–साप्ताहिक रूप से/प्रति 2 सप्ताह
T = महीने में दो बार
M = मासिक रूप से
Y = वार्षिक रूप से/वार्षिक

अगर आप यह नहीं लिखते कि आय कितनी बार प्राप्त की जाती है, तो इसे **साप्ताहिक** के रूप में प्रॉसेस किया जाएगा।

**पता और फोन नंबर:** अपना वर्तमान पता और फोन नंबर लिखें जिन पर आवश्यकता होने पर आपसे सम्पर्क किया जा सके। हमें फोन करने के लिए बेहतरीन समय बताने के लिए बॉक्स में 'X' दर्ज करें।

घर के वयस्क सदस्यों के हस्ताक्षरों के बिना प्राप्त आवेदनपत्रों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।
अगर आवश्यक सूचना मौजूद न हो, तो आपके बच्चे की भोजन स्थिति प्रभावित होगी।

इस आवेदनपत्र को भरने के संबंध में सहायता या प्रश्नों के लिए कृपया स्कूल भोजन सहायता डेस्क **(OFFICE OF SCHOOLFOOD HELP DESK)** के कार्यालय से सम्पर्क करें:
फोन करें: **(877) 363-6325** • ई – मेल: foodcompliance@schools.nyc.gov